
# राजस्थान बोर्ड की तैयारी के लिए आज ही हमारे YouTube चैनल Board Zone और Website BoardZone.in से जुड़ें।




- Chapter-wise PYQ
- Handwritten Notes
- MCQ
- Blue Print
- Model Paper
- Strategy
- etc

WHATSAPP YOUTUBE INSTAGRAM

921-6765-400
www.boardzone.in
Contact us : contact@boardzone.in

अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) : ____________________

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) : ____________________

[कुल प्रश्नों की संख्या : 19] [Total No. of Questions: 19]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 70] [Maximum Marks : 70]

# कक्षा 12वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024–25
# Class 12th Half Yearly Examination, 2024-25
# हिन्दी (अनिवार्य) / HINDI (Compulsory)
# [ 1203 ]

***सामान्य अनुदेश :***
1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित हैं।

***General Instructions :***
1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

## खण्ड – अ

प्र.1 निम्नलिखित बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिये – (9)

(i) शिरीष के फूल की तुलना की गई है – (1)
(अ) किसान से (ब) भिखारी से (स) अवधूत से (द) अमलतास से

(ii) महादेवी वर्मा की सेविका 'भक्तिन' का वास्तविक नाम था – (1)
(अ) कविता (ब) गंगा (स) विद्या (द) लक्ष्मी

(iii) हिन्दी भाषा को शुद्ध रूप से बोलने और लिखने संबंधी नियमों की जानकारी देने वाला शास्त्र है – (1)
(अ) पाक शास्त्र (ब) रसायनशास्त्र (स) व्याकरण शास्त्र (द) राजनीति शास्त्र

(iv) Testament (टेस्टमेन्ट) का हिन्दी रूपान्तरण है – (1)
(अ) वसीयत (ब) संवीक्षा (स) अनुभाग (द) रूपरेखा

(v) जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं – (1)
(अ) नींद (ब) रोना (स) कपास (द) खिलौना

(vi) "उषा" नामक कविता के कवि हैं – (1)
(अ) शमशेर बहादुर सिंह (ब) हरिवंशराय बच्चन
(स) आलोक धन्वा (द) सूर्यकान्त त्रिपाठी.

(vii) मोहनजोदड़ो किस काल के शहरों में सबसे बड़ा है? (1)
(अ) पाषाण काल (ब) ताम्रकाल (स) लौह काल (द) पुरा पाषाण काल

(viii) आदर्श रूप में पत्रकारिता किसका प्रतिविम्ब है? (1)
(अ) यथार्थ या वास्तविकता का (ब) बनावटीपन का
(स) कल्पनाओं का रेखांकन (द) बाह्याडम्बरों का

(ix) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण क्या कहलाता है? (1)
(अ) लाइव (ब) फोन–इन (स) बाइट (द) नेट

BOARD ZONE

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये – (5)

(i) भाषा को लिखने के लिये जिन लेखन–चिन्हों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें .................... कहते हैं। (1)

(ii) अभिधा शब्द शक्ति से प्राप्त अर्थ .................... कहलाता है। (1)

(iii) ''लाला लाजपत राय पंजाब के शेर हैं।'' कथन में निहित शब्द शक्ति .................... है। (1)

(iv) काव्य में शब्द के स्थान पर अर्थ में निहित चमत्कार .................... कहलाता है। (1)

(v) ''ज्यों–ज्यों बूड़े स्याम रंग त्यों–त्यों उज्जवल होय।'' पंक्ति में निहित अलंकार .................... है। (1)

प्र.3 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये सभी प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिये – (5)

''आज हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता राष्ट्रीय चरित्र का पुनर्मूल्यांकन है। भारत नारों और बिल्लों पर नहीं रह सकता, उसे जीने के लिये ठोस आधार चाहिये। यह ठोस आधार युवा पीढ़ी को अनुप्राणित किये बिना, राष्ट्र की आत्मा को जगाये बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। विदेशी मुद्रा, विदेशी मशीन या विदेशी पूँजी के आयात से त्याग, परिश्रम और अनुशासन के भाव की पूर्ति नहीं की जा सकती, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चरित्र नहीं गढ़ा जा सकता। स्वतंत्रता के पश्चात् हम जिस तेजी से आसानी की ओर भागे उसी कारण आज हमारी कठिनाइयों में वृद्धि हुई है। समस्याओं की चुनौती स्वीकार न करके हम उनका विकल्प खोजने में लगे रहे हैं। आज आवश्यकता एक मनस्वी, राष्ट्रप्रेमी, स्वावलम्बी और अनुशासित राष्ट्रीय चरित्र के विकास की है।''

(i) राष्ट्रीय जागरण के लिये क्या करना जरूरी है? (1)

(ii) आज हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता क्या है? (1)

(iii) राष्ट्रीय चरित्र के विकास के लिये किसकी आवश्यकता है? (1)

(iv) आज हमारी कठिनाईयों में वृद्धि क्यों हुई है? (1)

(v) प्रस्तुत गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिये। (1)

प्र.4 अधोलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये – (5)

''पूर्व चलने की बटोही, बाट की पहचान कर ले।
है अनिश्चित, किस जगह पर,
सरित, गिरि, गह्वर मिलेंगे।
है अनिश्चित, किस जगह पर,
बाग, वन सुन्दर मिलेंगे।
किस जगह यात्रा खतम हो जायेगी,
यह भी अनिश्चित,
है अनिश्चित, कब सुमन, कब
कंटकों के शर मिलेंगे।''

(i) ''बाट की पहचान कर ले'' इस पंक्ति में बाट का क्या तात्पर्य है? (1)

(ii) 'बटोही' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिये। (1)

(iii) ''है अनिश्चित ....................'' यात्रा मार्ग में क्या–क्या अनिश्चित है? (1)

(iv) ''कंटकों के शर मिलेंगे'' में कंटक का प्रतीकार्थ क्या है? (1)

(v) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिये। (1)

## खण्ड – ब

निम्नलिखित लघुउत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 40–45 शब्दों में लिखिये – (10)

प्र.5 ''इन्टरनेट पत्रकारिता'' से क्या आशय है? स्पष्ट करो। (2)

प्र.6 ''काले मेघा पानी दे'' पाठ के आधार पर जीवन में त्याग और दान के महत्त्व को स्पष्ट कीजिये। (2)

प्र.7 'विप्लव – रव' से छोटे ही शोभा पाते' पंक्ति में 'विप्लव – रव' एवं 'छोटे ही शोभा पाते' से आप क्या समझते हैं? बताइये। (2)

प्र.8 मोहनजोदड़ो की खुदाई में मिले नगर नियोजन की कोई दो विशेषतायें लिखिये। (2)

प्र.9 वसंत पाटिल से दोस्ती होने के बाद लेखक के व्यवहार में कौन–कौन से परिवर्तन हुये? (2)

## खण्ड – स

अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60–80 शब्दों में लिखिये –

प्र.10 ''द्विवेदी जी ने शिरीष के माध्यम से वर्तमान समय की भागदौड़ भरी एवं संघर्षपूर्ण जीवन जीने की सीख दी है।'' उक्त कथन से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट करो। (3)



BOARD ZONE

**अथवा**

जाति प्रथा एवं श्रम विभाजन में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिये।

प्र.11 'उषा' कविता के आधार पर बताइये कि कवि ने किन उपमानों का प्रयोग कर कविता को गतिशीलता दी है? इसके आधार पर अन्य किन उपमानों का प्रयोग किया जा सकता है? (3)

**अथवा**

"कैमरे में बंद अपाहिज" कविता में प्रश्नकर्त्ता का क्या उद्देश्य रहा है, उसके स्थान पर यदि आप होते तो साक्षात्कार किस प्रकार लेते?

प्र.12 "सिल्वर वैडिंग" कहानी की वर्तमान समय में क्या प्रासंगिकता है? अपने शब्दों में स्पष्ट करो। (3)

**अथवा**

"जिन लोगों के बाल–बच्चे नहीं होते उनकी मौत जो हुआ होगा से हो जाती है।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?

प्र.13 दादा की समझ से गुड़ ज्यादा निकालने की अपेक्षा भाव अधिक मिलना चाहिये।" यह कथन वर्तमान समाज की प्रतिस्पर्धा एवं धन लोलुपता की प्रवृत्ति की ओर इंगित करता है। इस कथन के संदर्भ में अपने विचार स्पष्ट करो। (3)

**अथवा**

पढ़ाई–लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ता जी राव का रवैया सही था अथवा लेखक के पिता का? तर्क सहित अपने विचार लिखिये।

प्र.14 महादेवी वर्मा का लेखक परिचय लिखिये। (3)

**अथवा**

हरिवंशराय बच्चन का कवि परिचय लिखिये।

प्र.15 फीचर लेखन की शैली पर प्रकाश डालिये। (3)

**अथवा**

फीचर लेखन एवं आलेख लेखन में अन्तर स्पष्ट कीजिये।

**खण्ड – द**

प्र.16 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिये – (5)

"छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना,
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।
कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया निःशेष;
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव–पुष्पों से नमित हुआ विशेष।"

**अथवा**

"हरषि राम भेंटेउ हनुमाना।
अति कृतग्य प्रभु परम सुजाना।।
तुरत बैद तब कीन्ह उपाई।
उठि बैठे लछिमन हरषाई।।
हृदयँ लाइ प्रभु भेंटेउ भ्राता।
हरषे सकल भालु कपि ब्राता।।
कपि पुनि बैद तहाँ पहुँचावा।
जेहि बिधि तबहि ताहि लइ आवा।।

प्र.17 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिये – (5)

"बाजार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है।

**अथवा**

पंजाबी पहलवानों की जमायत चाँद सिंह की आँखें पोंछ रही थी। लुट्टन को राजा साहब ने पुरस्कृत ही नहीं किया, अपने दरबार में सदा के लिये रख लिया। तब से लुट्टन राज–पहलवान हो गया और राजा साहब उसे लुट्टन सिंह कहकर पुकारने लगे। राज–पण्डितों ने मुँह बिचकाया – "हुजूर! जाति का .............. सिंह ..............!"

प्र.18 अपने विद्यालय हेतु फर्नीचर एवं स्टेशनरी क्रय करने हेतु एक निविदा प्रारूप तैयार कीजिये। (4)

**अथवा**

सचिव, मा. शि. बोर्ड राजस्थान, अजमेर की ओर से दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा तिथि परिवर्तन की एक विज्ञप्ति तैयार कीजिये।

प्र.19 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिये – (शब्द सीमा – 300 शब्द) (4)

(1) विद्यार्थी जीवन एवं अनुशासन

(2) नारी शिक्षा – आज की आवश्यकता


(3) योग – स्वास्थ्य के लिये वरदान

(4) स्वच्छता का महत्त्व

---

BOARD ZONE

# राजस्थान बोर्ड की तैयारी के लिए आज ही हमारे YouTube चैनल Board Zone और Website BoardZone.in से जुड़ें।




- Chapter-wise PYQ
- Handwritten Notes
- MCQ
- Blue Print
- Model Paper
- Strategy
- etc

WHATSAPP YOUTUBE INSTAGRAM

921-6765-400

**www.boardzone.in**

Contact us : contact@boardzone.in